विधान सभा सचिवालय
उत्तर प्रदेश
(अधिष्ठान अनुभाग)

संख्याः 132/वि०स०/ अधि०/8/2026 दिनांकः 24 अप्रैल, 2026

आवश्यकता

उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय में वृत्त लेखक (प्रतिवेदक) के रिक्त 03 (तीन) राजपत्रित पदों (रिक्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है) (01 पद अनुसूचित जाति, 01 पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) तथा 01 अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी हेतु) पर सातवें वेतन आयोग द्वारा पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 में अस्थायी नियुक्ति किये जाने के संबंध में भारत के नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा, शैक्षिक योग्यता एवं अन्य अर्हतायें निम्नवत् होनी चाहियेः-

1- आयु सीमा-

दिनांक 01 जुलाई, 2025 को न्यूनतम 22 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष ।

(आरक्षित अभ्यर्थियों तथा राज्यकर्मियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी।)

2- शैक्षिक योग्यता एवं अन्य अर्हतायें-

उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश (बोर्ड आफ हाई स्कूल इण्टरमीडिएट एजूकेशन, उत्तर प्रदेश) की इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण तथा हिन्दी आशुलिपि में 140 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी आशुलिपि में 120 शब्द प्रति मिनट की गति।

पात्र अभ्यार्थियों की हिन्दी तथा अंग्रेजी आशुलिपि की परीक्षा के आधार पर चयन किया जायेगा। अपेक्षित संस्तुतियों के अतिरिक्त भर्ती के लिए की गयी किसी लिखित या मौखिक संस्तुति के आधार पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी अपनी उम्मीदवारी के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अथवा अन्य साधनों द्वारा अपने पक्ष में समर्थन प्राप्त करने का प्रयत्न करेगा तो वह अनर्ह कर दिया जायेगा।

आवेदन का प्रारूप

वक्ष तक नवीनतम स्वप्रमाणित फोटो चिपकायें

1- आवेदित पद का नाम...

2- अभ्यर्थी का नाम...

3- पिता/पति का नाम...

4- पता (पिन कोड सहित)

(क) स्थायी पता-...

(ख) अस्थायी पता (पत्राचार हेतु)-.................................

5- शैक्षिक योग्यता एवं अन्य अहर्ताएं-................................

6- जाति एवं श्रेणी-...

(अद्यतन प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करें)

7- जन्म तिथि-...

(01 जुलाई, 2025 को आयु)....................वर्ष....................माह....................दिन

8- आशुलिपि की गतिः- (क) हिन्दी........................ शब्द प्रति मिनट

(ख) अंग्रेजी........................ शब्द प्रति मिनट

9- वर्तमान/विगत नियुक्ति का विवरण...

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गयी सूचनायें मेरी जानकारी में है तथा सत्य, पूर्ण एवं सही हैं। मैनें ऊपर दी गयी सूचनाओं में कोई तथ्य छिपाया नहीं है। यदि मेरे द्वारा दिया गया कोई तथ्य चयन/नियुक्ति के उपरान्त गलत पाया जाय तो मेरा चयन/नियुक्ति निरस्त कर दिया जाये।

दिनांक- **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में हिन्दी भाषा में आवश्यक विवरण एवं शैक्षिक योग्यता आदि की स्वप्रमाणित प्रतियों तथा वक्ष तक नवीनतम फोटो सहित जो स्वप्रमाणित हो विलम्बतम दिनांक 11.05.2026 तक केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से संयुक्त, अधिष्ठान अनुभाग, विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्राप्त हो जाने चाहिए। अधूरे एवं विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता द्वारा प्रेषित किये जाने वाले आवेदन-पत्र एवं लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना चाहिए। सेवारत अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र निर्धारित अवधि में उचित माध्यम से भेजें।

संयुक्त सचिव, (अधिष्ठान)
विधान सभा सचिवालय
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।